वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 218 बुधवार 4 दिसम्बर 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा

# महिला सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार, पारदर्शिता के साथ हो आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सुविधाओं का उन्नयन करते हुए पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ केन्द्रों का संचालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं सशक्तीकरण की योजनाओं का लाभ प्रत्येक महिला, बच्चे और परिवार तक लाभ पहुंचाना जाना सुनिश्चित करें ताकि कोई भी व्यक्ति योजनाओं से वंचित नहीं रहे। उन्होंने बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कुछ क्षेत्रों विशेषकर जनजातीय में कुपोषण के समूल उन्मूलन के लिए हमें दीर्घ अवधि की कार्ययोजना पर कार्य करने की आवश्यकता है। इसी क्रम में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दिए जा रहे पोषण आहार की निरन्तर समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार किए जाए। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को वार्षिक कैलेण्डर बनाकर आंगनबाड़ी केन्द्रों का सघन निरीक्षण करने और आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के लिए निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने शिक्षा सेतु योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को ड्रॉप आउट बालिकाओं एवं महिलाओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कौशल सामर्थ्य योजना के अन्तर्गत लाभान्वित युवाओं को स्वरोजगार सुनिश्चित करने के क्रम में अधिक से अधिक सुविधाएं सृजित करने के लिए निर्देशित किया। शर्मा ने कहा कि योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षित युवाओं की नियमित ट्रेकिंग करने के लिए प्रभावी तंत्र विकसित किया जाए।

### आंगनबाड़ी के बच्चों को सप्ताह में मिलेगा 3 दिन दूध

शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री अमृत आहार (आंगनबाड़ी दुग्ध वितरण योजना) योजना का भी शीघ्र शुभारंभ किया जाएगा। इसके अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों पर सप्ताह में तीन दिन दूध उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार 200 करोड़ रुपए व्यय करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक ब्लॉक में एक मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र का भी शीघ्र शुभारंभ करेगी।

### महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की बढ़ाए संख्या

मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए जल्द ही आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। जिसके माध्यम से कार्यकर्ताओं को नवाचार एवं नवीन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शर्मा ने विभाग के अधिकारियों को महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की संख्या बढ़ाने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इन केन्द्रों के माध्यम से 24 हजार से अधिक प्रकरणों में सामाजिक एवं पारिवारिक स्तर हिंसा से पीड़ित महिलाओं को मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान की गई है।

### महिला एवं बच्चों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं अन्त्योदय की परिकल्पना को साकार करने के लिए नीति एवं कार्यक्रमों के माध्यमों से प्रभावी कदम उठा रही है। महिला एवं बच्चे समाज के प्रमुख अंग है, जिनके उत्थान के लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। बैठक में उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार, मुख्य सचिव सुधांश पंत, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल एवं प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, शासन सचिव महिला एवं बाल विकास महेन्द्र सोनी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। विभिन्न जनकल्याणकारी मुद्दों पर चर्चा की गई।

## लाडो प्रोत्साहन योजना से मिल रहा बालिकाओं को संबल

मुख्यमंत्री ने कहा कि बालिकाओं को समुचित शिक्षा और सम्बल प्रदान करने के लिए 'लाडो प्रोत्साहन योजना' अहम है जिसके तहत हमारी सरकार बेटी के जन्म से लेकर स्नातक शिक्षा पूरी करने तक एक लाख रुपये की राशि दे रही है। राज्य सरकार शीघ्र ही इसके अन्तर्गत 1 साथ 1 लाख लाभार्थियों के खातों में प्रति लाभार्थी 2500 रुपए की किस्त हस्तांतरित करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही 'प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना' के अन्तर्गत एक साथ लगभग 70 हजार लाभार्थियों को बढ़ी हुई 1500 रुपए की अतिरिक्त राशि देने जा रही है।



# विश्व एड्स दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम हुए आयोजित



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

अजमेर। विश्व एड्स दिवस 2024 के उपलक्ष्य में जवाहरलाल नेहरू के चिकित्सालय के अफ्ळ सेंटर द्वारा 3 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसके अंतर्गत 30 नवंबर को विश्व एड्स दिवस की पूर्व संध्या पर शहीद स्मारक बजरंगढ़ सर्किल पर दीपदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें लगभग 200 दीप जलाकर जागरूकता का संदेश दिया गया । इसी कड़ी मे 1 दिसंबर 2024 विश्व एड्स दिवस के दिन एक जागरूकता प्रदर्शनी आयोजित की गई । जिसमें विभिन्न पोस्टर बैनर पंपलेट इत्यादि के माध्यम से आमजन को एड्स रोग से बचाव एवं संक्रमण के बारे में जानकारी दी गई । प्रदर्शनी का उद्घाटन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अनिल सामरिया एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ अरविंद खरे ने किया । डॉक्टर सुनील गोठवाल नोडल अधिकारी अफ्ळ सेंटर ने बताया कि प्रतिवर्ष विश्व एड्स दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं एवं आमजन को जागरूक किया जाता है। 2 दिसंबर को एक विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें अस्पताल के सभी चिकित्सक, एमबीबीएस विद्यार्थी, सेंट फ्रांसिस नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी, सावित्री कॉलेज के विद्यार्थी, नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी एवं विभिन्न एनजीओ ने भाग लिया। रैली को मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अनिल समरिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर डॉ संजीव महेश्वरी , डॉक्टर श्याम भूतड़ा , डॉक्टर मनीराम कुमार , डॉक्टर गरिमा बाफना , डॉ राजकुमार कोठीवाला , डॉ लक्ष्मण हरचंदानी , डॉक्टर आर एन माथुर, यतीश अग्रवाल एवं चिकित्सा कर्मी मौजूद रहे। यह विशाल रैली मेडिकल कॉलेज से रवाना होकर शहीद स्मारक , बजरंगढ़ सर्किल होते हुए वापस मेडिकल कॉलेज पर जाकर समाप्त हुई एवं रैली में छात्रों के माध्यम से एड्स रोग के प्रति जागरूकता हेतु विभिन्न संदेश प्रेषित किए गए।







आपका एक वोट समाज की दशा और दिशा बदल सकता हैं, मतदान जरूर करें ।

# राजस्थान जैन सभा

## कार्यकारिणी सदस्य चुनाव-2024

एक Vote समाज के नाम




बैलेट नं. 12

को अपना अमूल्य मत एवं समर्थन देकर विजयी बनायें

रविवार, दिनांक 8 दिसम्बर 2024

समय : प्रातः 8.15 बजे से सायं 5.15 बजे तक

स्थान : महावीर स्कूल प्रांगण, सी-स्कीम, जयपुर

## मानव सेवा को समर्पित प्रमुख समाजसेवी

विगत 43 वर्षों में 500 से अधिक रक्तदान शिविर का आयोजन कर
20,000 यूनिट रक्त एकत्रित करवाने में एवं
1000 नैत्र प्रत्यारोपण ऑपरेशन करवाकर मानव सेवा में सहयोग किया
स्वंम राकेश गोदिका ने भी अब तक लगभग 75 बार रक्तदान कर
मानव सेवा में अपना अमूल्य योगदान दिया





निवेदनकर्त्ता

**इंजि. देवेन्द्र मोहन जैन**



निवेदनकर्त्ता

**इंजि. पी. सी. जैन छाबड़ा**

## वेद ज्ञान

### समाज सेवा की लगन

हर आदमी के जीवन में किसी न किसी बात की लगन होती है। यह लगन समाज सेवा से लेकर किसी भी प्रकार की हो सकती है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अनेक लोगों ने देश-प्रेम के चलते हंस-हंस कर प्राण गंवा दिए थे। अति यानी अधिकता नुकसानदेह होती है। किसी सीमा में रहकर यदि किसी प्रकार की लगन मन में लगा ली जाए तो यह जीवन को उमंगों से भर देती है। घर को, समाज या देश को बर्बाद कर देने वाले शौक अपने यहां वर्जित हैं। इनका त्याग स्वहित में भी जरूरी है। समाज है तो यहां लोग भी अनेक प्रकार के मिलेंगे। इन सबके शौक भी निश्चय ही अलग-अलग होंगे। यहां एक बात यह ध्यान देने योग्य है कि जो शौक सकारात्मक या रचनात्मक होते हैं, समाज उन्हें ही मान्यता देता है और लोग उसी की प्रशंसा भी करते हैं। जो शौक समाज में वर्जित हैं, जो विध्वंसात्मक हैं, जिनसे व्यक्ति या समष्टि को नुकसान पहुंचता है, उसका तुरंत परित्याग कर देना चाहिए। मुझे अच्छी तरह याद है कि एक असहाय और दीन व्यक्ति, जहां कहीं भी लावारिस लाशें देखता था, तुरंत लोगों से कुछ मांगकर उस लाश की अंत्येष्टि कर देता था। यह विचित्र प्रकार की लगन थी, लेकिन उसकी सोच सकारात्मक थी। समाज के लिए इसमें दया और करुणा का संदेश भी था। वह इस कर्म को भगवान की सेवा मानता था। उसके इस कार्य ने उसे सामान्य से खास व्यक्ति बना दिया, जबकि वह स्वयं लावारिस था। धरती उसका बिछौना और आसमान चादर था। उस व्यक्ति ने जीवन पर्यंत अपने इस शौक को जारी रखा। देश में अनेक लोगों ने अपने अच्छे शौकों के कारण बहुत ख्याति अर्जित की। चाहे वह विज्ञान का क्षेत्र हो या ज्ञान का। चाहे वह व्यक्ति का क्षेत्र हो या वैराग्य का। ज्ञानी को भगवान को जानने की लगन है तो वैज्ञानिक को मानवता की सेवा के लिए नए आविष्कारों की। इसी प्रकार भक्त भगवान के दर्शनों के लिए आतुर है तो विरागी त्याग को पराकाष्ठा पर पहुंचाने के लिए व्याकुल। भगवत चिंतन में मीरा और चैतन्य महाप्रभु इतने रम जाते थे कि नृत्य करने लगते थे। भगवान से उनकी लगन ही ऐसी थी। अच्छे लक्ष्यों और उद्देश्यों को सामने रखकर जो शौक पाले जाते हैं, वे समाज के लिए अनुकरणीय बन जाते हैं।

## संपादकीय

# प्रतिगामी होगा परिवार बढ़ाना

भारत इस तथ्य से गौरवान्वित हो सकता है कि देश की कुल प्रजनन दर में गिरावट आई है और वह 1965 के प्रति महिला पांच बच्चों से कम होकर 2022 में 2.01 पर आ गई है। आपातकाल के दौर के 18 महीनों को छोड़ दिया जाए तो यह कमी नागरिक अधिकारों का किसी तरह दुरुपयोग किए बिना हासिल की गई है। ध्यान रहे चीन में यह दर कम करने के लिए 36 वर्षों तक एक बच्चा पैदा करने की नीति लागू की गई थी।



कुल प्रजनन दर में कमी दुनिया की दूसरी सबसे अधिक आबादी वाले देश के लिए पूरी तरह अच्छी खबर नहीं है, क्योंकि यह दर 2.1 की प्रतिस्थापन या रीप्लेसमेंट दर से कम हो गई है। रीप्लेसमेंट दर वह होती है जितने बच्चे हर महिला के हों तो देश में बुजुर्गों और युवाओं की संख्या स्थिर बनी रहती है। लैंसेट के एक अध्ययन पर यकीन किया जाए तो 2050 तक देश की कुल प्रजनन दर 1.29 हो जाएगी। यानी भारत अमीर होने के पहले ही उम्रदराज हो सकता है। देश की जनांकिकी के इस भविष्य से निपटने के लिए कई तरीके अपनाए जा सकते हैं। उदाहरण के लिए स्वास्थ्य सेवा आपूर्ति को मजबूत बनाया जा सकता है, श्रम शक्ति को सही ढंग से प्रशिक्षित किया जा सकता है और बीमा योजनाओं में परिवर्तन किया जा सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने हाल ही में इसका उपाय तीन संतानों के रूप में दिया है। इसे अपनाने के विषय में विचार नहीं किया जाना चाहिए। भागवत ने नागपुर में एक सभा में इस बात पर जोर दिया जबकि महज दो साल पहले वह जनसंख्या नियंत्रण का आह्वान करते नजर आ रहे थे। तब उनका संकेत हिंदुओं और मुस्लिमों की कुल प्रजनन दर के बीच असमानता की ओर था। अब, जबकि आबादी की वृद्धि दर में कमी आ रही है और भारत में जनांकिकीय ठहराव आने की संभावना बन गई है तब उन्हें देश के समक्ष एक खतरा नजर आ रहा है। जनसंख्या बढ़ाने को प्रोत्साहन देना वृद्धि को गति प्रदान करने की दृष्टि से सरल प्रतीत हो सकता है। कुछ स्कैंडिनेवियन (डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फिनलैंड आदि) और यूरोपीय देश दशकों से आबादी में कमी की समस्या से जूझ रहे हैं। वे परिवारों को चाइल्ड केयर प्रोत्साहन भी प्रदान करते हैं। परंतु इन देशों ने सामाजिक-आर्थिक प्रगति का एक स्तर और प्रशासनिक क्षमता हासिल कर ली है और वह भी बिना सामाजिक रूप से प्रतिगामी हुए (उदाहरण के लिए समान पितृत्व अवकाश)। भारत जैसे असमान देश में जहां कल्याणकारी योजनाओं की आपूर्ति असमान और गैर किफायती है, तीन बच्चे पैदा करने का नियम नुकसानदेह हो सकता है। आबादी में बेतहाशा वृद्धि उन सामाजिक लाभों को नुकसान पहुंचाएगी जो देश ने आजादी के बाद हासिल किए हैं। उदाहरण के लिए ऐसी नीति महिला अधिकारों के खिलाफ है क्योंकि बच्चे पैदा करने और उन्हें पालने का पूरा बोझ महिलाओं पर पड़ता है। इससे एक ही झटके में वे सभी लाभ खत्म हो जाएंगे जो महिलाओं ने उच्च शिक्षा, कार्यालयों और दुकानों आदि में जाकर हासिल किए हैं।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# जनसंख्या की चिंता

देश में जनसंख्या को लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने फिर से बड़ा बयान दिया है, जो सोचनीय है। जनसंख्या में आ रही गिरावट को उन्होंने चिंता का विषय बताया। भागवत ने कहा किसी समाज की जनसंख्या वृद्धि दर अगर 2.1 फीसद से नीचे चली जाती है तो वह अपने आप नष्ट हो जाता है। नागपुर के कठाले कुल सम्मेलन में कहा देश की जनसंख्या नीति 1998 या 2002 के आस-पास तय की गई थी, जो कहती है। जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 फीसद से नीचे नहीं होनी चाहिए। दो से तीन बच्चे होने चाहिए, क्योंकि समाज को जीवित रहना है। हाल ही में आई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हिंदुओं की जनसंख्या में 7.8 फीसद की कमी आई है। संघ प्रमुख का बयान इससे जोड़ा जा सकता है। वास्तव में देश में प्रजनन दर में लगातार गिरावट आ रही है। 1950 में जनसंख्या वृद्धि दर 6.2 फीसद थी, जो घटते हुए 2.2 फीसद पर जा चुकी है। संयुक्त राष्ट्र का मानना है, सत्तर वर्षों में हमारी आबादी में एक अरब का इजाफा हुआ है। भौगोलिक दृष्टि से दुनिया का सातवां सबसे बड़ा देश भारत वर्तमान में आबादी के अनुसार पहला हो चुका है। बावजूद इसके कि 2011 के बाद से आधिकारिक तौर पर जनगणना नहीं हुई है। लगातार इस तरह की बयानबाजी हो रही है। नेशनल हेल्थ फैमिली सर्वे कहता है, देश के सभी धार्मिक समुदायों में प्रजनन दर कम होती जा रही है। इसका कारण सामाजिक-आर्थिक अधिक है, जिसके चलते दंपति कम बच्चे पैदा करने का निर्णय स्वयं ले रहे हैं। लंबे अरसे से सरकारों ने जनसंख्या नियंत्रण को लेकर व्यापक प्रचार किया है। अब जबकि आम जनता छोटे परिवार के लाभ को जीवन का हिस्सा बना चुकी है। अचानक राजनीतिक व अन्य लाभों के चक्कर में जनसंख्या वृद्धि को लेकर नया भ्रम फैलाया जा रहा है। बेतहाशा बढ़ती मंहगाई और रोजगार की कमी से त्रस्त



जनता बड़े परिवार का पालन करने सक्षम नहीं है। उसे तीन बच्चों के पालन के लिए बरगलाया नहीं जा सकता। क्योंकि जनसंख्या दर में गिरावट सिर्फ भारत में ही नहीं आ रही है। दुनिया के तमाम विकसित व विकासशील देशों की यह विकराल समस्या बन गई है। जहां लोग सिर्फ आर्थिक कारणों से ही नहीं बल्कि वैश्विक व पर्यावरणीय बदलावों के चलते भी बच्चे जनने को राजी नहीं हैं। हमारे यहां आम जन इतनी दूरदर्शी या विचारशील भले ही नहीं है, मगर वह किसी की बयानबाजी में आकर जनसंख्या वृद्धि को राजी भी नहीं होने वाली।

# Gender Sensitization कार्यक्रम का आयोजन किया



**जयपुर।** विश्वविद्यालय विधि महाविद्यालय एवं रूवा, राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 3 दिसंबर 2024 को प्रातः 10:30 बजे Gender Sensitization कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के आरंभ में प्राचार्या, डॉ अंकिता यादव द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। तत्पश्चात डॉ शशी लता पूरी अध्यक्ष, रूवा द्वारा बताया गया कि नारी के अधिकारों के लिए उन्हें संविधान की जानकारी रखनी चाहिए एवं उन्होंने दहेज प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया कि हमें जागरूकता के प्रयास अपने परिवार से ही शुरू करने होंगे, साथ ही उन्होंने gender sensitization के महत्व के बारे में भी श्रोताओं को बताया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्रो संगीता शर्मा,कन्वीनर एकेडमिक सेल, रूवा द्वारा महिलाओं के द्वारा किए जा रहे संघर्ष की स्थिति भारत में ही ना होकर संपूर्ण विश्व में किया जा रहे महिला संघर्ष के बारे में भी बताया।उपरोक्त के पश्चात प्रो बीना अग्रवाल, उपाध्यक्ष, रूवा द्वारा वीडियो के माध्यम से मानसिकता परिवर्तन, आत्मविश्वास बढ़ाने, सहयोग प्रणाली का बढ़ावा देने एवं खुद को ही नहीं बल्कि सभी को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। इसी कड़ी में डॉ प्रतिभा रतनू, उप संयोजक, कामकाजी महिला आवास द्वारा सामाजिक वर्जना को विस्तार पूर्वक समझाया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के कक्षा प्रथम सेमेस्टर की छात्रा किरण कुमारी का सम्मान किया गया जिसे सत्र 2024 25 में अखिल भारतीय अंतिम विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया।कार्यक्रम के अंत में डॉ सुनीता शर्मा एवं कार्यक्रम संचालनकर्ती तारणी एवं दिव्या द्वारा पधारे हुए सभी अतिथियों शिक्षकों एवं समस्त प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# मुनि श्री की आगवानी भव्य शोभायात्रा के साथ



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अर्हम योग प्रणेता मुनि श्री प्रणम्य सागर जी गुरुवर ससंघ सिद्धार्थ नगर से मंगल विहार करते हुए सांगानेर चित्रकूट जैन मंदिर दर्शन हेतु पधारे।मीडिया प्रभारी के दीपक जैन पहाड़िया ने बताया मुनि श्री की आगवानी भव्य शोभायात्रा के साथ मंदिर प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष केवल चंद जी गंगवाल, मंत्री अनिल बोहरा, मंदिर कमेटी के योगेश पाटनी, समाज के बंधु ओम जी कटारिया, दीपक पहाड़िया, महिला मंडल की अध्यक्ष राजेश जी सोगानी, स्थानीय समाज ने गुरुवर ससंघ की भव्य अगवानी करी, मंदिर जी में दर्शन कर मुनि श्री ने चित्रकूट जैन मंदिर में आशीर्वचन दिए कहा बड़ी मनोहारी प्रतिमा इस चित्रकूट कॉलोनी के भगवान महावीर की विशालतम हे यहां के समाज के भक्त मीरा मार्ग चतुर्मास से लगे हुए थे मुनि श्री चित्रकूट जैन मंदिर दर्शन करने पधारो मुनि श्री ने आशीर्वचन के बाद ऊं अर्हम का मेडिटेशन भक्तो को कराया, यहां से संघी जी के मंदिर सांगानेर अतिशय क्षेत्र मंगल आगमन हुआ। सांगानेर आदिनाथ भगवान के चरणो के अतिशय क्षेत्र पदार्पण हुआ।







# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन 15 दिसंबर को




**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर। समाज की बेटी समाज में प्रथम वर्ष 2023 की अपार सफलता के बाद इस वर्ष पुनः जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 15 दिसंबर रविवार को इंदौर स्थित दस्तूर गार्डन में किया जा रहा है ।फेडरेशन के राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश जैन विनायका व मुख्य सूत्रधार यशकमल अजमेरा ,जयपुर ने बताया कि शिरोमणि संरक्षिका पुष्पा प्रदीप कासलीवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस सम्मेलन को अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हो रहीं है। अभी तक प्राप्त बायोडाटा में 700 से अधिक डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टर्ड अकाउंटेंट के ही है, उच्च गुणवत्ता के प्रत्याशी ही सोशल ग्रुप के परिचय सम्मेलन की विशेषता है।इस आयोजन का उद्देश्य उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुके बच्चे विदेश में और बड़े-बड़े शहरों में नौकरी / व्यापार करने चले जाते है ,जहाँ ना तो समाज जन और ना बच्चे एक दूसरे से परिचित हो पा रहे हैं एवं विवाह हेतु उचित जीवन साथी का चुनाव कठिन कार्य हो गया , आज की सबसे ज्वलंत समस्या के समाधान हेतु दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन ने देश भर में 16 रीजनों एवं 360 ग्रुप के माध्यम से विवाह योग्य बच्चों के परिचय हेतु विशाल जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया है ।जो हजारों अभिभावकों एवं प्रत्याशियों की उपस्थिति में आयोजित होगा। जानकारी देते हुए राष्ट्रीय महासचिव विपुल जी बाँझल,कोषाध्यक्ष अतुल जी बिलाला जयपुर , सूत्रधार जे के जैन कोटा व ममता जैन रायपुर ने बताया कि इस वर्ष 8 से अधिक देश में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे विशेष प्रतिनिधि के माध्यम से प्रविष्टियां प्राप्त हुई है ।राजेश जैन दद्दू ने बताया कि आयोजित होने वाले इस परिचय सम्मेलन में प्रत्याशियों स्वयं मंच से नवीन शैली में परिचय देंगे, समारोह स्थल पर जन्म पत्रिका मिलान हेतु कंप्यूटर एवं ज्योतिष विद्या दोनों विधाओं से मिलान-की सुविधा सुनिश्चित की गई है।प्रत्याशियों से व्यक्तिगत मुलाकात हेतु अलग-अलग कक्ष बनाए जाएँगे ,मंच से प्रस्तुत परिचय को लाइव चैनल के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा , सम्मेलन में देश-विदेश से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन फॉर्म भरे जा रहे हैं आने वाले समस्त प्रत्याशी के परिचय को सुसज्जित रंगीन पृष्ठ पर आकर्षक छपाई के साथ पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है , जिसमें प्रत्याशी के छायाचित्र सहित संपूर्ण विवरण प्रकाशित होगा सम्मेलन हेतु प्रतिदिन फेडरेशन के प्रमुख कार्यालय इंदौर सहित ,जयपुर ,जबलपुर ,कोटा, भोपाल, भीलवाड़ा ,गवलीयर ,पाण्डेचरी ,गोहाटी ,उज्जैन , उत्तरप्रदेश , हैदराबाद ,बेंगलूर सहित 100 से अधिक शहर में विभिन्न सोशल ग्रुप द्वारा सम्मेलन की सफलता के लिए कमेटी या बनाई गई है।देश की प्रमुख जैन संस्थाओं के प्रतिनिधि लोकसभा अध्यक्ष मध्यप्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री जी को सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है लगभग 2500 प्रविष्टियां का लक्ष्य रखकर 5000 से भी अधिक अभिभावकों की उपस्थिति होने की संभावना है। ये सभी तैयारी की जा रही है प्रमुख संयोजक श्री प्रदीप गंगवाल ,राजीव गिरध्धरवार भोपाल ,प्रशांत जैन जबलपुर , संजय पापड़ीवाल इंदौर के सहयोग व सभी रीजन अध्यक्ष व पदाधिकारी , पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल जी अजमेरा , निर्मल जी सेठी ,हेमचंद जी झंझरी,टी के वेद जी ,हंसमुख जी गांधी , राजेश जी लारेल की सक्रियता व सामाजिक संसद इंदौर के अध्यक्ष राजकुमार जी पाटोदी , महावीर ट्रस्ट अध्यक्ष अमित जी कासलीवाल , बाहुबली जी पांड्या , राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्री मनोहर जी झंझरी ,आर के जैन एक्साइज ,सुशील जी पांड्या के अथक प्रयास से ही यह सफलता प्राप्त होगी ।मुख्य पुस्तिका परिचय पुष्प के प्रधान संपादक श्री कीर्ति जी पांड्या ,मुख्य संपादक जंबू जी धवल ,सह संपादक मनीष जैन व संपादक मंडल की टिम द्वारा प्रकाशित की जायेगी ।इंदौर रीजन अध्यक्ष वितुल अजमेरा ,रितेश पाटनी ,अतुल गोइल व इंदौर रीजन के सभी सक्रिय ग्रुप अध्यक्ष ब उनकी टिम के साथियों द्वारा द्वारा सभी आगंतुक की संपूर्ण व्यवस्था की जवाबदारी दी गई है , इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का इंदौर नगर में होना इंदौर के लिये भी गौरव की बात है।

# संगिनी मैन उदयपुर ने ग्रुप सदस्यों को दिया सफारी के ट्रॉली बेग का उपहार




**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

संगिनी मैन उदयपुर द्वारा अपने 141सदस्यों को सफारी कंपनी का 55 सेमी का ट्रॉली बेग उपहार स्वरूप भेंट किया। ग्रुप अध्यक्ष डॉ प्रमिला जैन ने बताया कि नवंबर माह की मासिक मीटिंग के दौरान सभी को ट्रॉली बैग देने की घोषणा की गई थी। डॉ प्रमिला जैन के निवास स्थान से अल्पाहार के साथ ग्रुप सदस्यों को ये ट्रॉली बेग उपहार स्वरूप प्रदान किए गए।



# त्रिकालचौबीस की 33वीं वर्षगांठ मुनि संघ के सान्निध्य में मनाई

## मुनिश्री अरह सागर जी मुनि श्री आदित्य सागर जी ने दिये प्रवचन

## नगर के मुख्यमार्गों से निकली वृषभ रथ यात्रा

**अशोकनगर. शाबाश इंडिया**

श्रीमद् जिनेन्द्र शान्तिनाथ त्रिकाल चौबीस पंचकल्याणक महा महोत्सव एवं विश्व इतिहास में पहलीबार आयोजित सप्त गजरथ महोत्सव की 33 वी वर्षगाँठ पर भगवान शान्तिनाथ स्वामी भगवान कुन्थनाथ भगवान,आरह नाथ स्वामी का महा मस्तिष्कभिषेक के साथ वृषभ रथयात्रा का आयोजन परम पूज्य मुनि श्री अरह सागर जी मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में श्री दिगम्बर जैन पंचायत ट्रस्ट कमेटी द्वारा भव्य रूप से किया गया।

### भक्तों ने किया भगवान का महा मस्तिष्काभिषेक

त्रिकालचौबीस की 33 वी वर्षगाँठ पर सुवह से ही भक्तों ने पहुचना शुरूकर दिया। जहाँ सर्व प्रथम भगवान शान्तिनाथस्वामी की दस फुट उतंग का महा अभिषेक महामंत्री राकेश अमरोद परिवार कुन्दनाथ स्वामी कामहा मस्तिष्क राजकुमार इंजिनियर अरहनाथ स्वामी का अशोक कुमार गौरव कुमार टिंगू मिल परिसर ने किया इसकेवाद भक्तों ने भगवान के अभिषेक का सौभाग्य प्राप्त किया इस दौरान जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रागर ने कहा कि जगत पूज्य मुनि पुगंव सुधासागरजी महा राज ने अशोकनगर में भारत की पहली त्रिकाल चौबीस की स्थापना सन 1992 में कराकर इस नगर को तीर्थ का दर्जा दिलाया तव से देश भर केभक्तों का इस नगर में त्रिकाल चौबीस की वंदना के लिए आना होता हैं यहाँ तक की जव भी आसपास से संत निकलते हैं तोवह यह दर्शनों के लिए आते हैं।




### नगर के प्रमुख से वृषभ रथयात्रा निकाली गई

मध्यान में शान्तिनगर त्रिकालचौबीस मन्दिर से भव्य वृषभ रथयात्रा निकाली गई जो वजरिया महोल्ला कम्पान इन्द्रपार्क सुभाषगंज जैन मन्दिर आचार्यश्री विद्या सागर दार भगवान महावीर मार्ग रेस्टहाऊस गांधीपार्क पुराना वजार होते हुए शान्तिनगर पहुंची।

**मुनि संघ के सान्निध्य में निकली वृषभ रथयात्राः**

रथयात्रा में आगे आगे वैन्ड् वाजे उनके पीछे वृषभ सेवा दल का घोष उनके पीछे नाचते गाते युवा वर्ग का समूह उनके सुधा सेवा सगंठन अरिहंत ग्रुप भक्तावर मंडल के साथी मुनि संघ के साथ चल रहे थे वाद समाज के सामज के अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर संयोजक उमेश सिघई श्रेयांस जैन अशोक जैन टींगू मिल विपिन सिंघई निर्मल मिर्ची नेमीचंद ठेकेदार चन्द्रेश जैन धन कुमार भगवान के रथ केसाथ चल रहेथे जिनमें रथ में श्री लेकर बैठने का सौभाग्य राजीव चन्देरी को मिला सारथी राजकुमार इन्जिनियर चंवर का सौभाग्य सौरव जैन इलेक्ट्रॉनिक को मिला वही मूल नायक वेदी के यज्ञानायक वनने का सौभाग्य डालचन्द्र प्रकाश चन्द्र चन्द्रेश बांसल धन कुमार जैन वल्ला को मिला रथयात्रा के पीछे पीछे माता वहने भजन कीर्तन करते हुए चल रही थी यह रथयात्रा।








# हस्तिनापुर व बडेगांव की यात्रा सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर जयपुर के अध्यक्ष डां.एम.एल जैन 'मणि'-डां शान्ति जैन 'मणि',फेडरेशन इन्दौर के निदेशक डां मनीष जैन 'मणि'-डां अलका जैन व उनके परिवारजन जयपुर से दुगार्पुरा जैन मंदिरजी के दर्शन कर रवाना हुये। सबसे पहले हस्तिनापुर पहुंचे,वंहा जम्बूदीप, कमलमंदिर,नवग्रह मंदिर तेरहदीप, तीनलोक, त्रिलोकधाम, समोशरण, चन्द्र प्रभ मंदिर ,ध्यानमंदिर आदि के दर्शन किए। सायं को चिरायतन व चरणमंदिरों के दर्शन किए। दूसरे दिन आदिनाथ भगवान के व भूत,भविष्य व वर्तमान तीन चोबीसी के मंदिरों व नीचे के भरत-बाहुबली मंदिर तथा दूसरी तरफ ऊपर व नीचे की वेदियों के दर्शन किये व बाहर के पुराने प्राचीन मंदिरजी ,शान्तिनाथ भगवान व अन्य जिनालयों के दर्शन किए। वंहा से बरनावा (बागपथ) अतिशय क्षेत्र के दर्शन करने गये।यह अतिप्राचीन व अतिशययुक्त मंदिर है,जिसमें चन्द्र प्रभ भगवान की मूलनायक मूर्ती है व दर्जनों अन्य प्राचीन मूर्तियां है,अब मंदिरजी का नया विशाल तीन मंजिल का मंदिर बन रहा है जिसके विशाल तीन बडे -बडे शिखर दो-तीन मील दूर से देखे जा सकते है। मंदिरजी द्वारा सभी यात्रियों को सायं का भोजन कराया।वंहा से बडागांव आ गये।उस समय पंचकल्याण चल रहा था,उसको सुना व रात्री की लाईटिंग देखी व विशाल 425 फीट ऊंचे त्रिलोकधाम के दर्शन करे फिर सुबह उठकर अतिप्राचीन पार्वनाथ मंदिरजी में अभिषेक व शान्तिधारा देखी व पूजन की तथा फिर वंहा से तीस चौबीसी के दर्शन कर,कमल मंदिर, स्याद्वाद ट्रस्ट के मंदिर, त्रिलोकधाम मंदिर की सभी 14मंजिलों के जिन मंदिरों के व आदिनाथ भगवान चैत्यालय के दर्शन किए व रवाना हो गये।वंहा से सिद्धांत क्षेत्र आ गये,सभी जिन मंदिरों के दर्शन किए जिसमें पंच बालयति व भगवान बाहुबली व सहस्त्र मूर्तियों के दर्शन कर जयपुर आ गये।डां मनीष जैन मणि ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# वेदी प्रतिष्ठा की वर्षगांठ महोत्सव का उत्साह से आयोजन



**रेणु पाटनी. शाबाश इंडिया**

अजमेर। सर्वोदय कॉलोनी जिनालय की वेदी प्रतिष्ठा की वर्षगांठ महोत्सव हर साल की भांति तीन दिवस का मनाया जा रहा है ।रेणु पाटनी ने बताया कि 2 दिसंबर को भजन संध्या ,3 दिसंबर को सांयकाल आरती के बाद दीप प्रज्जवलन कमल इंद्र कासलीवाल द्वारा किया गया। मगलाचरण समीक्षा दिशा पाटनी द्वारा किया गया। अर्थ सेठी द्वारा भजन की प्रस्तुति दी गई।साथ ही एक नाटिका, संस्कारों की महिमा पर मंचन किया गया जिसमें बताया गया कि घर परिवार में सुख शांति रहती है तभी लक्ष्मी का वास होता है इसमें मधु जैन, साधना पाटनी, रेणु पाटनी, बीना गदिया ,प्रिया पाटनी संगीता पाटनी,नैना पाटनी, गुड्डा गदिया, ऐशना पाण्डया ,अरिहंत जैन भाग लिया। अध्यक्ष मधु जैन ने बताया की पारितोषिक सुशील दोषी द्वारा दिए गए। अध्यक्ष विजय दनगसिया, मंत्री विनय गदिया ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन

63, महावीर ट्रस्ट, रीगल चौराहा कीर्ति स्तम्भ, इन्दौर (म.प्र.)



R K GROUP
SPECTA QUARTZ SURFACES
Kasliwal Honda
KASLIWAL HYUNDAI

## द्वितीय अन्तरराष्ट्रीय जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन 2024

क्या आप अपने उच्च/सामान्य शिक्षित, प्रोफेशनल/व्यवसायरत, सरकारी/निजी सेवारत पुत्र/पुत्री हेतु योग्य जीवन साथी के चयन हेतु प्रयासरत हैं?

तो आईये... और इस सम्मेलन से जुड़कर अन्तरराष्ट्रीय जैन समाज की विश्वसनीय संस्थाओं व ग्रुपों से जुड़े परिवारों द्वारा प्रदत्त बायोडाटा के विशाल संग्रह से अपने चयन को पूर्णता प्रदान करें।

इस अवसर पर युवक-युवतियों के फोटो युक्त पूर्ण परिचय सहित आकर्षक बहुरंगीय "परिचय पुष्प" पुस्तिका का प्रकाशन

परिचय से परिणय की ओर ....

### समाज की बेटी समाज में

### रविवार, 15 दिसम्बर 2024

सम्मेलन स्थलः दस्तूर गार्डन, इन्दौर

आवेदन करने की अन्तिम तिथि 5 दिसम्बर 2024

आवास व्यवस्था पूर्व सूचना पर सशुल्क उपलब्ध करवायी जायेगी।

**विश्वस्त माध्यम से प्राप्त विश्वस्त बायोडाटा**

रजिस्ट्रेशन शुल्क रु. 900/- रखा गया है। इस शुल्क में आवेदक का फोटो सहित परिचय प्रकाशन, निःशुल्क परिचय पुस्तिका की प्रति और आयोजन स्थल पर भोजन सम्मिलित है।
हाफ पेज हेतु रजिस्ट्रेशन शुल्क रु. 4000/- (2 फोटो) व फुल पेज हेतु रु. 8000/- (2 फोटो) निर्धारित की गई है।

**महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश**

परिचय पुस्तिका में आवेदक का विवरण स्वयं आवेदक के द्वारा ही उपलब्ध करवाया गया है। रिश्ते हेतु आगे बढ़ने पर आप स्वयं अपने स्तर पर प्रदत्त जानकारी का सत्यापन कर लेवें, आयोजक संस्था की इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

Scan QR Code for Website
www.djsgfint.com

Payment Link
बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra
Merchant Name / Business Name: DJSG FEDRATION

सम्पूर्ण निर्देश, जानकारियाँ एवं ऑनलाईन फार्म भरने हेतु वैबसाईट djsgfshaadi.com पर जायें, ध्यान से पढ़ व समझ लेवें। आपसी संवाद हेतु ईमेल djsgfshaadi@gmail.com एवं (WhatsApp) हेतु 6232324246 पर सम्पर्क करें।

किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी हेतु निम्न फोन नम्बरों पर भी सम्पर्क कर सकते हैं -
9829067076, 9785074581, 9829220552, 9828866677, 8619372690

### दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राज रीजन जयपुर

रीजन अध्यक्षः राजेश बड़जात्या | रीजन संस्थापक अध्यक्षः अनिल कुमार जैन IPS | रीजन निवर्तमान अध्यक्ष एवं रा.मुख्य सूत्रधारः यशकमल अजमेरा | रीजन कोषाध्यक्षः पारस कुमार जैन | रीजन महासचिवः निर्मल संघी

रीजन परामर्शकः सुरेन्द्र कुमार पाण्ड्या | रीजन परामर्शक एवं प्रभारीः नवीन सेन जैन | रीजन पूर्व अध्यक्षः अतुल बिलाला | रीजन कार्याध्यक्षः सुरेश जैन बांदीकुई | रीजन कार्याध्यक्षः सुनील बज

मुख्य तकनीकी समन्वयकः मनीष जैन सौगानी, नीरज जैन, अतुल छाबड़ा, रमेश छाबड़ा, राजेश चौधरी

शासकीय समन्वयकः भारत भूषण अजमेरा, भागचन्द जैन 'मित्रपुरा', इंजी. प्रेम चन्द छाबड़ा

प्रचार-प्रसार समन्वयकः मनीष बैद, राकेश गोदिका, बसन्त जैन

स्मारिका समन्वयकः मोहन लाल गंगवाल, सुरेन्द्र कुमार जैन ठोलिया, आनन्द अजमेरा, डॉ. इन्द्र कुमार जैन, प्रमोद सोनी, अनिल टोंग्या, राजेन्द्र सेठी

मुख्य संयोजकः डॉ. राजेन्द्र कमार जैन, सुशीला बड़जात्या, शकुन्तला बिन्दायका, चन्दा सेठी, ममता शाह, सतीश बाकलीवाल, रमेश सौगानी, सुनीता गंगवाल, दीपशिखा जैन, अनिल पाटनी

संयोजकः डॉ. मोहन लाल जैन 'मणि', सुरेश जैन लुहाड़िया, सुनील बड़जात्या, राजेन्द्र छाबड़ा, अजीत बड़जात्या, प्रदीप छाबड़ा, धनु कुमार जैन, नवल जैन, विमल कोठ्यारी, महेन्द्र छाबड़ा, विजय जैन, ममता गंगवाल, राकेश जैन

### क्षेत्रीय प्रभारी

| स्थान | नाम | मोबाइल |
|---|---|---|
| गंगापुर | नरेन्द्र जैन | 9413924197 |
| सीकर | गजेन्द्र ठोलिया | 9414037259 |
| सवाई माधोपुर | अरविन्द जैन | 9414214386 |
| निवाई | विपल जौला पाटनी, महावीर प्रसाद (पराणा वाले) | 8104889200, 9414204216 |
| अजमेर | सपना पाटनी, अनिता जैन | 9928409499, 7014959821 |
| किशनगढ़ | सुनील जैन | 9829073258 |
| श्री महावीर जी | चन्द्रेश जैन, पं. मुकेश जैन | 9166228844, 9828280480 |
| दौसा | राजेन्द्र कुमार जैन | 8562840715 |
| मालपुरा | एडवोकेट सुरेन्द्र मोहन जैन | 9829609138 |
| भीलवाड़ा | रोहित जैन, प्रवीण चौधरी | 9414114241, 9829045687 |
| टोंक | महेन्द्र कुमार जैन | 9460805148 |
| चौमूं | राजेन्द्र बड़जात्या | 9414594393 |
| जोधपुर | अभिषेक चांदीवाल | 9829023663 |
| प्रतापगढ़ | अंकित जैन | 9950498997 |
| अलवर | नीरज जैन | 9413303464 |
| तिजारा | गोपाल जी | 9414793365 |
| देवली | राजेश अजमेरा (ऊँचा वाले) | 7014449427 |
| भरतपुर | कौशल कुमार जैन | 9462355863 |
| नसीराबाद | शेखर बड़जात्या | 9251412625 |
| विराट नगर | संतोष जैन | 9828420053 |

ऑफलाईन फार्म सभी समन्वयकों, संयोजकों एवं क्षेत्रीय प्रभारीयों से प्राप्त कर सकते हैं एवं जमा भी करवा सकते हैं।

### निवेदक

राष्ट्रीय शिरोमणि संरक्षकः पुष्पा प्रदीप कुमार सिंह कासलीवाल | राष्ट्रीय अध्यक्षः राकेश जैन विनायका | राष्ट्रीय निवर्तमान अध्यक्षः कमलेश कासलीवाल | राष्ट्रीय महासचिवः विपुल बांझल | राष्ट्रीय कोषाध्यक्षः अतुल बिलाला | राष्ट्रीय मुख्य सूत्रधारः यशकमल अजमेरा (जयपुर)

राष्ट्रीय सूत्रधारः जे.के.जैन (कोटा), ममता जैन (रायपुर) | राष्ट्रीय मुख्य संयोजकः प्रदीप गंगवाल (इन्दौर), राजीव गिरधरवाल (भोपाल), प्रशान्त जैन (जबलपुर), संजय पापड़ीवाल (इन्दौर) | राष्ट्रीय विशेष सहयोगीः जम्बू जैन 'धवल' (उज्जैन), आशीष जैन 'सूत वाला' (इन्दौर), ऋषभ जैन (इन्दौर)

# अर्हं योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ का बुधवार 4 दिसम्बर को अतिशय क्षेत्र पदमपुरा में होगा भव्य मंगल प्रवेश

## मंदिर दर्शन के बाद धर्म सभा का होगा आयोजन



जयपुर/पदमपुरा. शाबाश इंडिया। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य अर्हं ध्यान योग प्रणेता मुनि 108 प्रणम्य सागर महाराज का श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा में ससंघ का बुधवार दिनाँक 4 दिसम्बर 2024 को प्रातः भव्य मंगल प्रवेश होगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में जैन बन्धु शामिल होंगे। कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर जैन एवं मानद् मंत्री एडवोकेट हेमंत सोगानी ने बताया कि मुनि श्री का मंगल प्रवेश जुलूस पदमपुरा रोड पर पदम ज्योति नैत्र चिकित्सालय से रवाना होगा। जहां से रवाना होकर प्रातः 9 बजे मंदिर जी में भव्य मंगल प्रवेश होगा। इस मौके पर क्षेत्र कमेटी मुनि श्री के पाद पक्षालन एवं मंगल आरती कर भव्य अगवानी करेगी। मंदिर दर्शन के बाद धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा। प्रचार प्रभारी विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इससे पूर्व मंगलवार 3 दिसम्बर को श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर से रवाना होकर मुनि संघ बीलवा पहुंचेगा जहां रात्रि विश्राम होगा। मुनि संघ का बुधवार 4 दिसम्बर को प्रातः बीलवा से मंगल विहार कर शिवदासपुरा होते हुए पदमपुरा रोड पर गुलाब कौशल्या चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित पदम ज्योति नैत्र चिकित्सालय पहुंचेंगा ।जहा पर गुलाब कौशल्या चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध ट्रस्टी नरेश मेहता एवं अतिशय क्षेत्र कमेटी तथा समाज बन्धुओं द्वारा भव्य अगवानी की जाएगी। **-विनोद जैन कोटखावदा**

# गोपाल सेवा भाव समिति, इंदिरा गांधी नगर, जगतपुरा की कार्यकारिणी का गठन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

डा अशोक दुबे, कपिल पचौरी, मनीष शर्मा, अमित मिश्रा ने कार्यकारिणी गठन हेतु निम्न पदाधिकारियों का प्रस्ताव रखा।जिसके अनुमोदन हेतु उपस्थित सदस्यों द्वारा कुल 15 सदस्यों के नामों पर सर्वसम्मिति से चर्चा उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई।

1 डॉ अखिल शुक्ला जी (संरक्षक)
2 सुरेंद्र कुमार शर्मा (अध्यक्ष)
3 माधव मिश्रा (उपाध्यक्ष )
4 पुरुषोत्तम सिंह बबघेलघेल (मंत्री )
5 पुनीत जैन (कोषाध्यक्ष)
6 दीपक कराड़िया व्यवस्थापक (इवेंट मैनेजमेंट)

### कार्यकारिणी सदस्य

1 डॉ अशोक दुबे
2 अमित मिश्रा ।
3 कपिल पचौरी ,
4 मनीष शर्मा,
5 भुवनेश कुमार अग्रवाल
6 कृष्ण दत्त झालानी जी,
7 राजेंद्र झालानी जी,
8 श्री ब्रिजेश सोनी जी,
9 श्री आशीष शर्मा

बैठक कपिल पचौरी द्वारा सधन्यवाद समाप्त हुई।

# महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र द्वारा निशुल्क आंखों की जांच एवं मेडिकल कैंप का आयोजन



**उदयपुर. कासं।** स्वर्ण जयंती वर्ष में सेवा प्रकल्प की श्रृंखला में महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र निरंतर युवा अध्यक्ष सुनील गांग के नेतृत्व में सेवा कार्यों में गतिमान होते हुए। ग्रामीण क्षेत्र में दूर दराज स्थित उमरडा से आगे घोड़ा घाटी, पारोला ग्राम में आंखों की जांच, दवाई एवं चश्मे वितरण का निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें ‡सबकी सेवा सबको प्यार‡ के ध्येय वाक्य के अनुरूप केंद्र के सेवाभावी वरिष्ठ सदस्य वीर दौलत सिंह जी भंसाली के सहयोग से श्री श्री ज्ञान मंदिर बालिका विद्यालय, उमरडा, परोला में अध्ययनरत जरूरतमंद 250 बालिकाओं, अभिभावक, विद्यालय फैकल्टी, कर्मचारियों एवं आस पास निवासरत आमजन सहित कुल 300 जनों की आंखों की जांच एवं सामान्य जांच महावीर इंटरनैशनल उदयपुर केंद्र द्वारा शिविर संयोजक डॉ. एस.के.जोहरी एवं तारा संस्थान के सहयोग से उपरोक्त कैंप में निशुल्क की गई। साथ ही जांच में जिनको चश्मे एवं दवाई की आवश्यकता लगी उन्हें चश्मे एवं मेडिसिन निशुल्क उपलब्ध कराए गए। श्री श्री ज्ञान मंदिर बालिका विद्यालय, उमरडा, परोला, उदयपुर के प्रबंधक एवं सेवा सहयोगी हेमंत कुमार छाजेड़ का अतुलनीय समर्पण भाव के साथ पूर्ण सहयोग रहा। केंद्र से युवा अध्यक्ष सुनील गांग, सचिव रवीन्द्र सुराणा, चिकित्सा शिविर संयोजक डॉ.एस. के.जोहरी, वरिष्ठ सदस्य दौलत सिंह भंसाली, सेवाभावी नागरिक सुभाष मेहता, सूरज कुमार एवं विद्यालय फैकल्टी एवं कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग रहा। विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 1 से कक्षा 5 तक की मेघावी प्रथम कुल 10 छात्राओं को प्रति वर्ष छात्रवृति प्रदान करने की केंद्र की ओर से घोषणा की गई। सचिव रवींद्र सुराना ने धन्यवाद की रस्म अदा की।

# ग्राम नरवर के 60 बच्चों को स्वेटर की सेवा दी गई

**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**




अजमेर। लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा समाजसेवी लायन राकेश पालीवाल, लायन अतुल पाटनी,पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन मधु पाटनी,श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति अजमेर संभाग की सदस्याओं एवं अन्य भामाशाहों के सहयोग से अजमेर के अंचल में बसा ग्राम नरवर की गोडविल स्कूल के 60 बच्चों के लिए स्वेटर एवं 10 अन्य के लिए हुडी(ऊनी वस्त्र)की सेवा विद्यालय के संस्थापक एवं सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम सेन को सौंपी गई। क्लब अध्यक्ष लायन रूपेश राठी ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक लायन अतुल पाटनी के द्वारा दी गई सेवा जैन संत अंतर्मना गुरूदेव श्री प्रसन्न सागर जी महामुनिराज से आशीर्वाद प्राप्त नरवर ग्राम की गोडविल विद्यालय में जरूरतमंद परिवार के बच्चों को श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ताराचंद सेठी के मुख्य आथित्य में बच्चो को ऊनी स्वेटर एवं मोजे वितरित किए गए। इस पुनीत सहायता के लिए समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तारा चंद सेठी के माध्यम से ग्रामवासियों ने भामाशाह परिवार के प्रति धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है।